**UPMO010061952021**

**न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश, कक्ष संख्या–1, मुरादाबाद**

**पीठासीन अधिकारी-** (अनिल कुमार-IV)**, (उ०प्र० न्यायिक सेवा ) - UP06124**

**सत्र परीक्षण–856 / 2021**

उत्तर प्रदेश राज्य ...............................अभियोजन पक्ष।

बनाम

सुमित .....................अभियुक्त।

30-06-2026

पुकार करायी गयी। पुकार पर अभियुक्त सुमित मय विद्वान अधिवक्ता उपस्थित।

प्रार्थी / अभियुक्त सुमित की ओर से प्रार्थना पत्र कागज सं0 38–बी इस आशय एवं याचना के साथ प्रस्तुत किया गया है कि वह उक्त वाद में अभियुक्त है तथा जमानत पर है। उसने माननीय उच्च न्यायालय में याचिका अंतर्गत धारा–528 बी0एन0एस0एस0 नं0–46949 / 2025 योजित की थी जिसमें माननीय न्यायालय द्वारा पारित आदेश दि0 27.05.2026 के माध्यम से उसकी याचिका स्वीकार कर ली गयी है। तद्नुसार उक्त माननीय उच्च न्यायालय के आदेश का अनुपालन किये जाने की मांग की गयी है। प्रार्थना पत्र के साथ स्वयं का शपथ पत्र 39बी तथा माननीय उच्च न्यायालय के आदेश दि0 27.05.2026 की प्रतिलिपि 41ए / 1–4 प्रस्तुत की गयी है।

प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र अंतर्गत धारा–528 बी0एन0एस0एस0 नं0–46949 / 2025 में माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा पारित स्वर्णिम आदेश दि0 27.05.2026 की प्रतिलिपि प्रस्तुत की गयी है, जिसका सत्यापन कम्प्यूटर अनुभाग द्वारा कराया गया, जो सही पाया गया।

सुना एवं अवलोकिन किया। माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा प्रार्थना पत्र अंतर्गत धारा–528 बी0एन0एस0एस0 नं0–46949 / 2025 में पारित स्वर्णिम आदेश दिनांकित 27.05.2026 का सम्मानपूर्वक अवलोकन किया। अवलोकन से स्पष्ट है कि उक्त आदेश के द्वारा माननीय उच्च न्यायालय ने सत्र परीक्षण सं0–856 / 2021, राज्य बनाम सुमित, मुकदमा अपराध सं0–1074 / 2020, अंतर्गत धारा–307,504 भा0द0सं0, थाना–मझोला, ज़िला–मुरादाबाद की कार्यवाही को समाप्त कर दिया गया है। तद्नुसार माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा प्रार्थना पत्र अंतर्गत धारा–528 बी0एन0एस0एस0 नं0–46949 / 2025 में पारित स्वर्णिम आदेश दिनांकित 27.05.2026 के अनुपालन में प्रस्तुत प्रकरण की कार्यवाही समाप्त की जाती है। पत्रावली नियमानुसार दाखिल दफ़्तर की जाये।

दिनांक– 30.06.2026

(अनिल कुमार–IV)
अपर सत्र न्यायाधीश, कोर्ट सं0–01,
मुरादाबाद।

Digitally signed by ANIL KUMAR
Date: 2026.06.30 17:43:58 IST
Reason: Document Owner
Location: District and Sessions Court